भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 606
सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

खाद्य कौशल संस्थानों का उन्नयन

606. श्री अर्जुन लाल मीणाः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राजस्थान में कुछ संस्थाओं के लिए प्रशासनिक और वित्तीय अनुमोदन जारी करने का विचार है;

(ख) क्या उदयपुर और धौलपुर में खाद्य कौशल संस्थानों को राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों के रूप में उन्नत किए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत हेरिटेज सर्किट, इको एडवेंचर सर्किट, ट्राइबल सर्किट और डेजर्ट सर्किट का उन्नयन किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) क्या कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस टूरिज्म ट्रेनिंग, उदयपुर को राज्य पर्यटन प्रशिक्षण संस्थान के रूप में उन्नत किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हां, महोदय। पर्यटन मंत्रालय ने राजस्थान राज्य में वित्तीय सहायता से निम्नलिखित संस्थानों को अनुमोदित किया है:-

<u>प्रचालनरत:</u>

(i) केन्द्रीय होटल प्रबंध संस्थान (सीआईएचएम) : जयपुर
(ii) राज्य होटल प्रबंध संस्थान (एसआईएचएम) : जोधपुर
(iii) राज्य होटल प्रबंध संस्थान (एसआईएचएम) : उदयपुर
(iv) पाक कला संस्थान (एफसीआई) : पाली
(v) पाक कला संस्थान (एफसीआई) : अजमेर

<u>जारी</u>:

(i) राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) : धौलपुर

(ii)राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) : झालावाड़

(iii) राज्य होटल प्रबंधन संस्थान (एसआईएचएम) : सवाई माधोपुर

(iv) पाक कला संस्थान (एफसीआई) : बारां

(ख): जी हाँ, महोदय। उदयपुर तथा धौलपुर में पाक कला संस्थानों का पहले ही राज्य होटल प्रबंधन संस्थानों के रूप में उन्नयन कर दिया गया है।

(ग): अब पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक एवं गंतव्य केन्द्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी तथा जिम्मेदार गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से एसडी 2.0 के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन (एसडी) योजना को नया रूप दिया है।

(घ): पर्यटन मंत्रालय को कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस टूरिज्म ट्रेनिंग, उदयपुर के राज्य पर्यटन प्रशिक्षण संस्थान के रूप में उन्नयन का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****